रायगढ़, मंगलवार
24.4.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com 4 में पढ़ें- देश-विदेश की खबरें .... 6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन .... » वर्ष-2 » अंक - 22 »

## अंतर्राष्ट्रीय खबर....

## चीन की 'मेड इन चाइना' योजना से अमेरिका चिंतित



**आरएनएस ।**अमेरिका ने चीन की 'मेड इन चाइना' योजना को लेकर चिंता जाहिर की है और इसे खतरनाक बताया है।यह जानकारी बुधवार को मीडिया रिपोर्ट से मिली। अमरीका के वाणिज्य मंत्री विल्बर रॉस ने चीन की खुद को वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में बदलने की योजना को भयावह करार देते हुए इसे अमरीकी बौद्धिक संपदा के लिए गंभीर खतरा बताया है। वस्त्र उद्योग के अधिकारियों के साथ मंगलवार को हुई बैठक के दौरान रॉस ने कहा कि प्रौद्योगिकी की बार-बार चोरी बेहद बड़ी परेशानी का सबब है और यह दूर होने वाली भी नहीं है। रॉस ने कहा विकास योजना मेड इन चाइना 2025 का लक्ष्य अंतरिक्ष से दूरसंचार, दूरसंचार से रोबोटिक्स और इलेक्ट्रिक कारों तक, हर उद्योग पर हावी होना है। उन्होंने आगे कहा , चीन विश्व का फैक्ट्री फ्लोर रहा है और अब वह दुनिया के लिए प्रौद्योगिकी क्षेत्र का भी केंद्र बनना चाहता है।

## ईरान परमाणु समझौते का 'कोई विकल्प नहीं' : रूस



**आरएनएस ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस के उनके समकक्ष इमैनुएल मैक्रों द्वारा तेहरान के साथ नये समझौते का आह्वान करने के बाद रूस ने आज कहा कि ईरान के वर्तमान परमाणु समझौते का कोई विकल्प नहीं है।राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा, हमारा मानना है कि अब तक कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर ईरान की स्थिति सर्वोपरि है।पेसकोव ने 2015 में हुए परमाणु समझौते के संदर्भ में कहा, हम संयुक्त विस्तृत कार्रवाई योजना को इसके वर्तमान रूप में बनाए रखने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि समझौता कई देशों के प्रयासों का नतीजा है।गौरतलब है कि ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने अमेरिका और फ्रांस के आह्वान को खारिज किया है और ईयू ने भी वर्तमान समझौते को बनाए रखने पर जोर दिया है।

## इराक : मोसूल में 800 साल पुरानी अल-नूरी मस्जिद को फिर से बनाया

**आरएनएस ।** संयुक्त अरब अमीरात ने इराक की सबसे मशहूर मस्जिदों में से एक मोसूल में अल-नूरी मस्जिद को को पुनर्निर्माण में मदद करने का वादा दिया है। वह इराक के साथ इस महान मस्जिद के पुनर्निर्माण के लिए वित्त पोषित करेगा, जिसे पिछले साल आईएसआईएस द्वारा नष्ट कर दिया गया था। संस्कृति मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र की विरासत एजेंसी, यूनेस्को को मस्जिद के पुनर्निर्माण के लिए 50.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर योजना में वित्त पोषित किया है। 800 साल पुरानी इस मस्जिद में आईएस नेता अबू बकर अल बगदादी ने 2014 में पहली बार लोगों के सामने भाषण दिया था और अपनी खिलाफत की घोषणा की थी।आईएस की ताकत इतनी बढ़ गई थी कि उसने पहले सीरिया के रक्का पर कब्जा किया, फिर इराक में मोसूल और उसके बाद सद्दाम हुसैन के शहर टिकरित को फतह किया।

## सार्क सम्मेलन पाकिस्तान में: बहिष्कार कर सकता है भारत

**आरएनएस ।** एक बार फिर से सार्क सम्मेलन पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी भारत इस सम्मेलन का बहिष्कार कर सकता है। दरअसल, इस बार का यह सम्मेलन पाकिस्तान में हो रहा है। खबर आ रही है कि भारत एक बार फिर पाकिस्तान में होने वाले सार्क सम्मेलन का बहिष्कार कर सकता है। इसके पहले भारत सितंबर 2016 में ऐसा कर चुका है और तब सार्क सम्मेलन रद्द करना पड़ा था। ऐसा हुआ तो लगातार तीसरे साल सार्क सम्मेलन का आयोजन नहीं हो पाएगा।

## सुषमा; मंगोलिया के प्रधानमंत्री और कैबिनेट सचिवालय नेताओं से मुलाकात



**आरएनएस ।** उलानबातार, 25 अप्रैल 7 भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने बुधवार को मंगोलिया के प्रधानमंत्री यू. खुरलसुख से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार के एक ट्वीट के अनुसार, दोनों नेताओं ने विकास सहयोग, खनन, क्षमता निर्माण, आईटी, फिल्म और द्विपक्षीय सहयोग के अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। कुमार के मुताबिक, सुषमा स्वराज ने प्रधानमंत्री से मुलाकात करने के बाद मंगोलियाई मंत्री और कैबिनेट सचिवालय के प्रमुख गोंबजाव जानदानशतार के साथ बैठक की और दोनों नेताओं के बीच 'कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का अच्छा आदान-प्रदान हुआ।' उन्होंने मंगोलियाई संसद के अध्यक्ष एम. एंखबोल्ड से भी मुलाकात की। भारतीय प्रवक्ता ने एक अलग ट्वीट में कहा, अन्य मुद्दों पर चर्चा के साथ हमारे संसद के बीच सहयोग पर चर्चा की गई, जो कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इससे पहले दिन में सुषमा और उनके मंगोलियाई समकक्ष दमदिन सोगतबातर ने भारत-मंगोलिया संयुक्त सलाहकार समिति (आईएमजेसीसी) के छठे दौर की वार्ता की सह-अध्यक्षता की। इसमें आर्थिक, ऊर्जा, राजनीतिक, रणनीतिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों सहित कई मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में सुषमा ने कहा कि दोनों पक्ष संयुक्त रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने व द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने पर सहमत हुए। सुषमा चीन का दौरा कर मंगलवार को यहां पहुंचीं। यह किसी भारतीय विदेश मंत्री की 42 सालों में इस एशियाई देश की पहली यात्रा है।

## एमबीए की पढ़ाई कर रही दो छात्राओं ने खाया जहर, मौत



**धर्मशाला ,(आरएनएस)।** दो छात्राओं ने जहर खाकर जान दे दी। मामला हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला का है। यहां एमबीए की पढ़ाई कर रही दो सहेलियों जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दोनों सहेलियां धर्मशाला में एमबीए की पढ़ाई कर रही थी। बुधवार देर रात को दोनों जहरीला पदार्थ खाया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस, फिलहाल मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अुनसार, धर्मशाला के अप्पर शकोह में ये दोनों सहेलियां बीते एक साल से रहती थी। मूल रूप से सूबे के हमीरपुर जिले के बड़सर की रहने वाली बताई जा रही हैं। दोनों की उम्र 21 और 22 साल है। फिलहाल, यह पता नहीं चल पाया है कि इन्होंने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। कांगड़ा के एसपी संतोष पटियाल का कहना है कि देर रात को मामले के बारे में सूचना मिली थी। युवतियों की पहचान वंदना और ईशा के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जांच के बाद ही घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## सात साल की बच्ची की मौत, 17 घायल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आज की सुबह दो झकझोर देने वाली खबरों से हुई। एक तरफ उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में स्कूली वैन और ट्रेन की टक्कर में 13 बच्चों की मौत हो गई, वहीं राजधानी में एक दूध के प्राइवेट टैंकर ने स्कूल वैन में सवार 18 बच्चों को रौंद दिया। इस हादसे में एक सात साल की बच्ची की मौत हो चुकी है और तीन-चार बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। 10 से अधिक बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में टैंकर ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया है, लेकिन यह मामला टैंकर ड्राइवर की लापरवाही से कहीं ज्यादा गंभीर लग रहा है। जिस वैन को टैंकर ने हिट किया, उस पर न कहीं स्कूल वैन लिखा था, न पीली पट्टी थी, न कमर्शल नंबर प्लेट लगी थी। ड्राइवर एक वैन में 18 बच्चे ठूंसकर जा रहा था।टैंकर ने पीछे से मारी टक्कर डीसीपी असलम खान ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि दूध के टैंकर ने पीछे से वैन को हिट किया। केस दर्ज करके इसके ड्राइवर को अरेस्ट किया जा रहा है। वैन भी जांच का दायरे में है। वैन ड्राइवर की लापरवाही या वैन में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, मारुति वैन (ओमनी) में केशवपुरम के नंबर-1 स्कूल और केशवपुरम केन्द्रीय विद्यालय के बच्चे सवार थे। ज्यादातर बच्चे वजीरपुर जेजे कॉलोनी से सवार हुए थे। सभी की उम्र 7 से 15 साल के बीच बताई जा रही है। कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास दूध के प्राइवेट टैंकर ने पीछे से टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसा उस समय हुआ, जब वैन यू-टर्न ले रही थी, तभी पीछे से टैंकर ने हिट किया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि वैन दो-तीन पलटियां मार गई। बच्चों की चीत्कारें गूंज गई। दिल दहलाने वाला दृश्य लोगों ने वैन को सीधा करके उसमें फंसे बच्चों को बाहर निकाला। सभी खून से लथपथ थे। कुछ बेहोश थे, बाकी खून से सने बुरी तरह रो रहे थे। हादसे का मंजर खौफनाक था। वैन जगह-जगह से पिचक गई थी। लोग घायल बच्चों को ऑटो व अन्य वाहनों की मदद से अस्पताल लेकर भागे। उन्हें आसपास के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल चार बच्चे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती हैं। लोगों में भारी गुस्सा हादसे से लोगों में भारी गुस्सा है। पूरी दिल्ली में प्राइवेट वैन सुरक्षा मानकों को नजरंदाज करके चल रही हैं। एक-एक वैन में 18 से 20 बच्चे ठूंसे जाते हैं। कॉलोनियों के अंदर भी ड्राइवर बेहद तेज रफ्तार में चलते हैं। लंबे समय से आए दिन हादसे पेश आ रहे हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासन कोई कदम नहीं उठाते। लोगों का कहना है कि आशंका है ।

## लॉलीपॉप दिखाकर कर्नाटक चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे कुछ दल



**दिल्ली,(आरएनएस)।** नमो ऐप के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कर्नाटक के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। चुनाव से पहले राज्य की कांग्रेस सरकार के लिंगायत दांव पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि दूसरे दल विकास की राजनीति से बचना चाहते हैं और इसके लिए जाति, धर्म, अगड़े-पिछड़े की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में एक समूह को लॉलीपॉप पकड़ा दिया जाता है। इससे वोटर भी फंस जाता है। मोदी ने कहा कि हर चुनाव में इन दलों ने एक समूह को पकड़ा और उन्हें लॉलीपॉप पकड़ाते गए। ये इसी प्रकार से राजनीति करते हैं और आगे बढ़ते जाते हैं। उन्होंने साफ कहा कि क्या कोई इनकार कर सकता है कि कांग्रेस कल्चर के कारण राजनीति में तमाम बुराइयां आई हैं। मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह जनता का भरोसा जीतकर चुनाव में जाना चाहते हैं। पीएम ने कहा, कर्नाटक में मेरा एक ही अजेंडा है- डिवेलपमेंट, फास्ट पेस डिवेलपमेंट, ऑल राउंड डिवेलपमेंट। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने हमेशा विकास की राजनीति की है। डंके की चोट पर बात करके हम विकास की बात करते हैं।

## अफगानिस्तान : तालिबान के हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत



**आरएनएस ।** अफगानिस्तान में मंगलवार को तालिबान के ताजा हमलों में कम से कम 11 अफगान सैनिकों और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता मोहम्मद नसीर मेहरी के अनुसार पश्चिमी फराह प्रांत में तालिबान द्वारा सुरक्षा बल की चौकी पर किए हमले में कम से कम पांच सैनिकों की मौत हो गई। मेहरी ने बताया कि बाला बुलुक जिले में हुए हमले में दो सैनिक घायल हो गए। कई घंटों तक चली मुठभेड़ में छह तालिबानी लड़ाके मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा, 'सहायता दल वहां पहुंच गए हैं और स्थिति नियंत्रण में है।' इससे पहले पूर्वी गजनी प्रांत में आतंकवादियों के हमले में कम से कम चार स्थानीय पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता आरिफ नूरी ने बताया कि तालिबान ने प्रांत के जगतु जिले में स्थानीय पुलिस की सुरक्षा चौकी को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ कई घंटे तक चली और तालिबान ने तोपों और रॉकेट चालित ग्रेनेड लॉन्चरों का इस्तेमाल किया। पाकिस्तान ने की तालिबान से सुलह प्रक्रिया में शामिल होने की अपील तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने मीडिया को भेजे संदेशों में फराह और गजनी में हुए हमलों की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि तालिबान ने फराह में हुए हमले में दो अफगान सैनिकों को बंधक बना लिया है लेकिन अभी तक अफगान सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की है। प्रांतीय परिषद के सदस्य मोहम्मद नासिर नजारी ने बताया कि मंगलवार को पश्चिम बडगिस प्रांत में जांच चौकियों पर किए गए हमलों में दो पुलिसकर्मी मारे गए और छह सैनिकों को बंधक बना लिया गया। उन्होंने इसके लिए तालिबान को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आतंकवादी कादिस जिले में कई पुलिस और सैन्य जांच चौकियों पर घुस आए। अब स्थिति नियंत्रण में है।

## म्यांमार में बम हमलावर को 20 साल की कैद




**आरएनएस ।** म्यांमार में 2016 में दो स्थानों पर बम प्लांट करने के दोषी पाए गए बम हमलावर को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। म्यांमार न्यूज एजेंसी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, जिला अदालत ने दोषी को श्वे को 17 जून 2016 में मायांगोन के ओशन बाजार और उसी साल 25 नवंबर को संसद के परिसर में बम हमलों के आरोप में सजा सुनाई। रिपोर्ट के मुताबिक, इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ था। को श्वे के एक सहयोगी को 10 साल कारावास की सजा सुनाई गई है जबकि दो को बरी कर दिया गया है।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400